प्रो. रमेशकुमारपाण्डेयः
कुलपतिः

Prof. Ramesh Kumar Pandey
Vice Chancellor

श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविद्यापीठ
(मानितविश्वविद्यालयः)
केन्द्रीय-स्वायत्तशासी-संस्था (मा.सं.वि. मन्त्रालयः, भारतसर्वका
'ए' ग्रेड (नैक)
बी-4, कुतुबसांस्थानिकक्षेत्रम्, नवदेहली-110 016

Shri Lal Bahadur Shastri Rashtriya Sanskrit Vidyapee
(Deemed University)
A Central Autonomous Body (Ministry of HRD Govt. of I
'A' Grade (NAAC)
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110 016

सं. आर एस वी/वीसी/2018/1143/728 दिनांक : 27.11.2018 28

## कार्यालय आदेश

दिनांक 26.11.2018 को कुलाधिपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई विभागाध्यक्षों एवं संकायप्रमुखों की बैठक में माननीय कुलाधिपति जी के निर्देशानुसार प्रो. सुदीप कुमार जैन को शैक्षणिक स्तर के उच्चतर समुन्नयन की दिशा में तत्काल प्रभाव से **शैक्षणिक मूल्यांकन पर्यवेक्षक** बनाया जाता है। विद्यापीठ के विभिन्न पाठ्यक्रम नियमित एवं अंशकालीन रूप से समिति द्वारा निर्मित तथा विद्वत्परिषद् द्वारा स्वीकृत समयसारिणी के अनुसार संचालित किये जाते हैं, जिनके विषय में विभागाध्यक्षों एवं पाठ्यक्रम संयोजकों से मिलकर समस्त जानकारी ली जा सकती है, किन्तु सुविधा हेतु कुछ नियमित एवं अंशकालीन पाठ्यक्रमों के समयचक्र का उल्लेख निम्नांकित है :-

**नियमित पाठ्यक्रम** : विद्यापीठ का कार्यालयीय कार्यसमय सोमवार से शुक्रवार तक है । एम.ए. (योग) की प्रायोगिक कक्षाएं कार्यदिवसों में प्रातः 07.00 बजे से 10.00 बजे तक लगती हैं । पी.जी. वास्तुशास्त्र, ज्योतिष की कक्षाएं सायं 06.00 बजे से रात्रि 08.00 बजे तक लगती हैं ।

**अंशकालीन पाठ्यक्रम** : योग डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट की कक्षाएं शनिवार एवं रविवार को समयचक्र के अनुसार प्रातः 07.00 से 10.00 बजे तक संचालित की जाती हैं । वास्तुशास्त्र, ज्योतिष एवं कर्मकाण्ड डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट की कक्षाएं शनिवार एवं रविवार को अपराह्न 02.00 बजे से 05.00 बजे तक संचालित की जाती हैं । इन पाठ्यक्रमों का समयचक्र विभागाध्यक्षों से प्राप्त किया जा सकता है ।

प्रो. सुदीप कुमार जैन कुलाधिपति महोदय द्वारा निर्दिष्ट विधि के अनुसार निष्पक्ष भाव से विहित मूल्यांकन का आवश्यक अपना प्रतिवेदन साप्ताहिक/पाक्षिक/मासिक प्रस्तुत करेंगे । प्रो. जैन को संगणक सहायक के रूप में श्री बलराम, पुस्तकालय सहायक प्रतिदिन अपराह्न 04.00 बजे से 05.00 बजे तक उनके कक्ष में स्थापित संगणक पर उनकी सहायता करेंगे । इस कार्य हेतु कोई मानदेय या भत्ता देय नहीं है ।

रमेश कुमार पाण्डेय
(रमेश कुमार पाण्डेय)

प्रो. सुदीप कुमार जैन
शैक्षणिक संकायप्रमुख
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ
नई दिल्ली-110016

**प्रतिलिपि आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :**

1. समस्त संकायप्रमुख
2. समस्त विभागाध्यक्ष
3. कुलसचिव
4. परीक्षा नियन्त्रक
5. समस्त सहायक कुलसचिव
6. कुलानुशासक, छात्रावास अधिष्ठाता
7. कम्प्यूटर एडमिनिस्ट्रेटर, विद्यापीठ की वेबसाईट पर प्रदर्शित करते हेतु
8. सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष एवं श्री बलराम
9. समस्त सूचनापट्ट

रमेश कुमार पाण्डेय
(रमेश कुमार पाण्डेय)